दैनिक
न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर

रायगढ़, शुक्रवार 01 नवम्बर 2019
www.nyaysakshi.com

महत्वपूर्ण एवं खास

फांसी के फंदे पर झूलती मिली विवाहिता की लाश,परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

धमतरी (आरएनएस)। जिले के श्यामतराई गांव में एक विवाहित ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला का शव बरामद कर लिया। इस मामले में मायके वालों हत्या का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह मृतिका पिकी साहू की लाश उसके कमरे में लटकते हुए देखकर घरवाले हैरान रह गए। ऐसा बताया जा रहा है कि महिला ने खुदकुशी की है। वहीं, पुलिस को सुसाईड नोट नहीं मिला है। इस मामले में मृतिका के माता पिता ने हत्या कर फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। मृतिका पिकी साहू की शादी करीब 7 साल पहले हुई थी। शादी के बाद से ही धनसाय साहू लगातार अपनी पत्नी पिंकी साहू से मारपीट करता था। बताया जा रहा है कि पिंकी को अक्सर धनसाय मारपीट कर धमकी देता था। अब पिंकी ने फांसी लगा कर जान दे दी है तो घर वालों ने इसे सीधे–सीधे हत्या का मामला बताया है। वहीं पति धनसाय ने मारपीट की बात तो कबूली है, लेकिन हत्या के आरोपों को साफ नकर दिया है।

किस्त नहीं पटा पाने पर ट्रक का फर्जी कागजात बनाकर दूसरे को बेचा, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। ट्रक का दो किस्त नहीं पटने पर आरोपी ने ट्रक का फर्जी एग्रीमेंट कर दूसरे को बेंच दिया। घटना की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बंजारी नगर रावाभाठा खमतराई निवासी राजकुमार गुप्ता 45 वर्ष पिता स्व. चंद्रदीप गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी ग्राम हाजीपुर थाना हाजीपुर जिला वैशाली बिहार का निवासी है तथा करीबन 20 साल से रावाभाठा में खुद का मकान बना कर रह रहा है दो ढाई साल पहले मैधमा फायनेंस कंपनी शंकर नगर रायपुर से पुराना ट्रक सीजी 04 जे ई 0571 को जो पूर्व में किसी इन्द्र नील घोष के नाम पर था फायनेंस में 11 लाख 50 हजार रूपये में खरीदा था तथा मुझे प्रतिमाह 21069 रूपये का किस्त देना था मेरे को ब्याज का रकम मिला कर करीबन 17 लाख 74 हजार रूपये देना था वाहन के खरीदने के बाद वाहन को मेरे नाम पर पंजीयन करवाया गया था वाहन आज दिनांक तक भी मेरे नाम पर है माह अगस्त तथा सितंबर को दो किस्त नही दे पाया था दिनांक 27-09-2019 को मै अपने गांव बिहार में था ट्रक को आर के आटो इलेक्ट्रीकल के पास खड़ी थी वहां से मैधमा कंपनी वाले आकर ट्रक को खीचकर ले गये।

राज्योत्सव कार्यक्रम में शामिल होने सोनिया गांधी नहीं आएगी छत्तीसगढ़

» मुख्यमंत्री बघेल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा

रायपुर (आरएनएस)। कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने छत्तीसगढ़ में आयोजित राज्योत्सव में शामिल होने से इनकार कर दिया है. राज्योत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में सोनिया गांधी को मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने के लिए भूपेश बघेल सरकार ने न्योता दिया था।सरकार के न्योता को पहले सोनिया गांधी ने स्वीकार कर लिया था, लेकिन अब उन्होंने इनकार कर दिया है. इसके पीछे स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य के 20वें स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन सरकार द्वारा किया जा रहा है. 1 से 3 नवम्बर तक रायपुर के साइंस कालेज मैदान में राज्योत्सव का आयोजन हो रहा है. राज्योत्सव के पहले दिन शुभारंभ कार्यक्रम में सोनिया गांधी को मुख्य अतिथि बनाया गया था. उनके आगमन को लेकर जगह जगह बैनर पोस्टर भी लगा दिए गए थे, लेकिन अब स्वास्थ्यगत कारणों से उनका दौरान रद्द हो गया है।

गुरुवार को रायपुर में मीडिया से चर्चा में सीएम भूपेश बघेल ने राज्योत्सव में सोनिया गांधी के शामिल नहीं हो सकने के संकेत दे दिए थे. मीडिया से चर्चा में सीएम भूपेश ने कहा था कि सोनिया जी के दौरे का शेड्यूल अभी तय नहीं हुआ है. ऐसे में उनके आने पर संशय है.

गृहमंत्री ने राज्योत्सव स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया

रायपुर (आरएनएस)। गृह और लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज राज्योत्सव स्थल (साइंस कालेज मैदान) पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गृह और लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ यातायात, पार्किंग, विभिन्न विभागों एवं सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा तैयार किए जा रहे स्टालों सहित फूड जोन, सभा स्थल आदि का निरीक्षण किया और तैयारियों को अंतिम रूप देने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक आनंद छाबड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आरिफ शेख एवं लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता एस. के. शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

राज्यपाल से नवनियुक्त मुख्य सचिव मण्डल ने की सौजन्य मुलाकात

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में नवनियुक्त मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल और आज 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होने जा रहे मुख्य सचिव सुनील कुजूर ने सौजन्य मुलाकात की। राज्यपाल ने मण्डल को नये दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी, वहीं कुजूर को उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के लिए बधाई दी। राज्यपाल ने कुजूर एवं मण्डल को स्मृति चिन्ह भेंट की। राज्यपाल को नये मुख्य सचिव मण्डल ने छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सोनमणि बोरा भी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ के नए मुख्य सचिव बने आरपी मंडल

» कई आईएएस अधिकारियों के बदले प्रभार » खेतान राजस्व मंडल के अध्यक्ष » अजय सिंह योजना आयोग के उपाध्यक्ष » सुब्रत को बड़ी जिम्मेदारी



रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश सरकार ने तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए आज प्रदेश के नए मुख्य सचिव के नाम का ऐलान कर दिया। मंत्रालय से जारी आदेश में 1987 बैंच के आईएएस अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद मंडल को राज्य का नया मुख्य सचिव सरकार ने नियुक्त किया है। 1986 बैंच के मुख्य सचिव सुनील कुमार कुजूर आज अपने पद से सेवानिवृत्त हो रहे है। राज्य सरकार ने कुजूर को सेवावृद्धि दिए जाने के संबंध में केन्द्र सरकार के कार्मिक मंत्रालय को लगातार निवेदन किया था, किंतु उन्हें केन्द्र से सेवावृद्धि नहीं प्राप्त हो सकी। राज्य सरकार 1 नवंबर को अपना राज्य स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इसी दिन प्रदेश के नए मुख्य सचिव मंडल अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। मुख्य सचिव की दौड़ में शामिल इसी बैंच के आईएएस अधिकारी सीके खेतान को राजस्व मंडल बिलासपुर का अध्यक्ष बनाया गया है। इस पद पर पदस्थ पूर्व मुख्य सचिव अजय सिंह को उपाध्यक्ष राज्य योजना आयोग अटल नगर नवा रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है। नॉन मामले में आरोपी बनाए गए प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला को काफी समय बाद पदस्थापना मिली है। इन्हें योजना आर्थिक एवं साख्यिकी बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विज्ञान प्रोद्योगिकी विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है साथ ही महानिदेशक छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू को सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए प्रमुख सचिव गृह, जेल तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

धान खरीदी को लेकर सीएम बघेल मिलेंगे प्रधानमंत्री मोदी से

» पत्र लिखकर मांगा समय

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान के उपार्जन के संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भेजकर उनसे मिलने के लिए समय देने का अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा है कि किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाना है, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा चुकी है। उन्होंने इस संबंध में बीते 05 जुलाई और 25 अक्टूबर को भेजे गए पत्रों का हवाला देते हुए कहा है कि खरीफ वर्ष 2019-20 में किसानों के हित में समर्थन मूल्य को बढ़ाकर 2500 रूपए प्रति क्विंटल किए जाने का निवेदन किया गया था एवं यदि किसी परिस्थिति के कारण भारत सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य में इस अनुरूप वृद्धि किया जाना संभव नहीं हो तो राज्य सरकार को इस मूल्य पर धान उपार्जित करने की सहमति विकेन्द्रीकरण खाद्ययान्न उपार्जन योजना के अंतर्गत दिए जाने का अनुरोध है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि राज्य के किसानों के व्यापक आर्थिक हित को देखते हुए एम.ओ.यू. की कंडिका एक की शर्त से शिथिलता प्रदान करते हुए राज्य के सार्वजनिक वितरण प्रणाली की आवश्यकता के अतिरिक्त उपार्जित होने वाले चावल (आरवा और उसना) को केन्द्रीय पूल में मान्य करने का भी अनुरोध किया है। इस संबंध में खरीफ वर्ष 2019-20 में एफसीआई द्वारा छत्तीसगढ़ से 32 लाख मेट्रिक टन चावल उपार्जन किए जाने की अनुमति प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश अतिशीघ्र संबंधितों को प्रसारित किए जाने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि अत्यंत महत्वपूर्ण विषय होने के कारण मेरे द्वारा पूर्व में 23 और 24 अक्टूबर को आपके कार्यालय में मिलने का समय चाहा गया था ताकि स्वयं इस विषय के सभी पहलुओं पर जानकारी से अवगत करा परंतु आपकी अन्य व्यस्तताओं के कारण मिलने का समय प्राप्त नहीं हुआ है।

आवश्यकता है

CAREER SCHOOL

अंग्रेजी माध्यम (English Medium)
में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी
एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।

वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक

अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।

CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐक्ता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी लकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चो के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session
Tarun 90% Yamini 98%
Shraddha 93% Priyanka 96%
Prerna 84% Hirendra 99%
Akanksha 90% Geetanjali 99%
Chetna 94% Arpita 93%
Arpita 98% Rakesh 97%
Sejal 88% Shiva 97%

Topper Students Last Session
Sushant 92% Prince 97%
Kusum 98% Abhishek 99%
Aayush 93% Prachi 97%
Tulika 96% Pari 96%
Aradhya 97% Ananya 99%
Ashish 96% Ankita 99%
Join CAREER...

Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे,
कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं.
9039961090